1.5

प्रपत्र–11

**परियोजना का नामः– राज्य योजना में जनपद बागेश्वर में मनियाछीना– भाटगड़ मोटर मार्ग का निर्माण।**

## परियोजना का औचित्य

मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अन्तर्गत राज्य योजना में शासनादेश संख्या 6108 / 111(2) / 14–31(प्रा0आ0) / 2014 दिनांक 19.12.2014 द्वारा जनपद बागेश्वर में विधान सभा बागेश्वर के अन्तर्गत मनियाछीना–भाटगाड़–पगना मोटर मार्ग 4.00 कि0मी0 लम्बाई एवं रू0 68.04 लाख की (प्रथम चरण–यथा सर्वेक्षण, वनभूमि की स्वीकृति आदि कार्यों हेतु) प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। भारत सरकार से वन भूमि स्वीकृति उपरान्त राज्य सरकार द्वारा मोटर मार्ग निर्माण हेतु धनराशि स्वीकृत की जायेगी।

जनपद बागेश्वर में विधान सभा बागेश्वर का खरई क्षेत्र अभी भी यातायात की दृष्टि से काफी पिछड़ा है। मनियाछीना, भाटगाड़ गांव अभी तक किसी भी मोटर मार्ग से नहीं जुड़े हैं। दाणूछीना–लोब मोटर मार्ग के कि0मी0 6 में मनियांछीना नामक स्थान से इस मार्ग का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। सर्वेक्षण उपरान्त इस मोटर मार्ग की भाटगाड़ तत वास्तविक लम्बाई 4.00 कि0मी0 आती है। इस मोटर मार्ग का निर्माण हो जाने से स्थानीय जनता को यातायात की सुविधा के साथ ही गैस प्राप्त करने में सुविधा होगी जिससे जंगलों को बचाने में मदद मिलेगी। मार्ग के संरेखण में कुल 1.6576 है0 वन भूमि प्रभावित हो रही है जिसमें विभिन्न व्यास के 121 तथा नाप भूमि में 11 वृक्ष कुल 132 वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं। मोटर मार्ग निर्माण में आरक्षित वन भूमि एवं बांज वृक्ष प्रभावित नहीं हो रहे है। यह क्षेत्र चीड़ बाहूल्य क्षेत्र है जिसमें प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में चीड़ के वृक्ष प्राकृतिक रूप से उगते है। मोटर मार्ग निर्माण उपरान्त 5 वर्ष के अन्दर स्वतः ही उगने की वजह से काटे जाने वाले वृक्षों की क्षतिपूर्ति हो जायेगी। उल्लेखनीय है कि जनपद बागेश्वर में लगभग 71 प्रतिशत भू–भाग वनाछादित है। जनहित में बुनियादी ढांचे के विकास, पर्यटन को बढ़ावा देने, वनों की सुरक्षा, पहाड़ी क्षेत्र से पलायन रोकने, आपदा के समय प्रभावितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन हेतु वन भूमि के उपयोग के अलावा और कोई विकल्प नहीं हैं। अतः उपरोक्त कारणों से इस मोटर मार्ग का निर्माण वन भूमि में प्रस्तावित किया गया है जो अपरिहार्य एवं औचित्यपूर्ण है।

सहायक अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0
बागेश्वर

अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0
बागेश्वर